Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 10 अक्तूबर , 2020

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-10-october-2020

महिलाओं की सुरक्षा हेतु नए परामर्श

केंद्र ने महिलाओं की सुरक्षा और उनके विरुद्ध होने वाले अपराधों से निपटने के लिये राज्यों को एक नये परामर्श जारी किये हैं और कहा है कि पुलिस द्वारा निर्धारित नियमों का पालन न कर पाना देश की न्याय प्रणाली के साथ खिलवाड़ है। गृह मंत्रालय द्वारा जारी इस परामर्श में कहा गया है कि किसी भी संज्ञेय अपराध में **दण्ड प्रक्रिया संहिता** (Code of Criminal Procedure- CrPC) के तहत अनिवार्य रूप से प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की जानी चाहिये। परामर्श के अनुसार कानून में पुलिस थाने को अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर हुए किसी अपराध के सिलसिले में ज़ीरो FIR दायर करने का भी अधिकार दिया गया है। महिलाओं से यौन दुष्कर्म सहित किसी भी संज्ञेय अपराध के होने की सूचना मिलने पर पुलिस के लिये प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करना आवश्यक है। मंत्रालय ने कहा है कि कानून के प्रावधानों को कड़ा करने और क्षमता बढ़ाने के उपायों के बाद भी पुलिस द्वारा अनिवार्य नियमों का पालन न किया जाना देश की आपराधिक न्याय प्रक्रिया के लिये उचित नहीं है। परामर्श में कहा गया है कि नियमों के पालन में कोई चूक नजर आने पर इसकी जांच की जानी चाहिये और इसके लिये उत्तरदायी पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध तत्काल कठोर कार्रवाई की जानी चाहिये।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, मानसिक स्वास्थ्य में हमारा भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक कल्याण शामिल होता है। यह हमारे सोचने, समझने, महसूस करने और कार्य करने की क्षमता को प्रभावित करता है। प्रत्येक वर्ष **10 अक्टूबर** को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। सर्वप्रथम इसका प्रारंभ वर्ल्ड फेडरेशन फॉर मेंटल हेल्थ द्वारा की गई थी। इस वर्ष मानसिक स्वास्थ्य दिवस **'सभी के लिये मानसिक स्वास्थ्य: अधिक से अधिक निवेश, अधिक से अधिक पहुँच'** थीम के साथ मनाया जा रहा है। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पहली बार वर्ष 1992 में संयुक्त राष्ट्र के उप महासचिव **रिचर्ड हंटर** और **वर्ल्ड फेडरेशन फॉर मेंटल हेल्थ (World Health Fedreation For Mental Health)** की पहल पर मनाया गया था। यह 150 से अधिक सदस्य देशों वाला एक वैश्विक मानसिक स्वास्थ्य संगठन है। इसके बाद वर्ष 1994 में तत्कालीन संयुक्त राष्ट्र के महासचिव यूजीन ब्रॉडी के सुझाव के बाद विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस को एक थीम के साथ मनाने की शुरुआत की गई। वर्ष 1994 में पहली बार **'विश्व में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार'** नामक थीम के साथ विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया गया था।

सागर कवच

भारतीय नौसेना ने **'सागर कवच'** नामक दो दिवसीय तटीय सुरक्षा अभ्यास किया। सुरक्षा अभ्यास भारतीय नौसेना द्वारा भारतीय तटरक्षक बल के साथ आयोजित किया गया था। तटीय सुरक्षा तंत्र की जांच करने और मानक संचालन प्रक्रिया का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिये यह अर्ध-वार्षिक अभ्यास है। भारतीय तटरक्षक बल के लगभग 50 गश्ती जहाज़ और भारतीय नौसेना के 20 जहाज़ों ने अभ्यास में भाग लिया। भारतीय नौसेना और तट रक्षक बल के अलावा आसूचना ब्यूरो, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, समुद्री प्रवर्तन विंग, मत्स्य विभाग, कोचीन शिपयार्ड और तटीय ज़िला प्रशासन ने भी भाग लिया। अभ्यास के दौरान प्रतिभागियों को रेड और ब्लू नामक दो टीमों में विभाजित किया गया था। रेड टीम ने तटीय क्षेत्रों में घुसपैठ की कोशिश कर रहे आतंकवादी गतिविधियों का अनुकरण किया। ब्लू टीम ने घुसपैठ की कोशिशों को बेअसर करने के लिये तटीय सुरक्षा निगरानी को अंजाम दिया।

मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने देहरादून में **मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना** की शुरुआत की। यह योजना युवाओं के स्वरोजगार को बढ़ावा देने के साथ ही हरित ऊर्जा के उत्पादन को भी बढ़ावा देगी। यह योजना मुख्य रूप से प्रवासी कामगारों और युवाओं को लक्षित करती है जो लॉकडाउन के कारण देश के विभिन्न शहरों से अपनी नौकरी छोड़कर अपने घरों को लौट गए हैं। योजना के प्रत्येक लाभार्थी को 25 किलोवाट के सौर ऊर्जा संयंत्र भी आवंटित किया जाना है। अनुमान है कि ये सौर ऊर्जा संयंत्र प्रति वर्ष 38,000 यूनिट विद्युत उत्पन्न करेंगे। उत्पन्न विद्युत को उत्तराखंड पावर कॉर्पोरेशन द्वारा 25 वर्षों के लिये खरीदा जाना है। स्थापित सौर ऊर्जा संयंत्र एक ही भूमि पर फल सब्जियों और जड़ी बूटियों की एकीकृत खेती में मदद करेंगे।